**विरोध** ▶ कटनी-बिलासपुर रेल खंड में विलायतकला के पास मिली थी युवक की लाश, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

# ग्रामीणों ने हाइवे जाम कर किया प्रदर्शन

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत क्षेत्र में एक युवक की मौत के मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर कटनी-शहडोल हाइवे में चक्का जाम कर दिया। परिजनों बड़वारा थाना प्रभारी लापरवाही का आरोप लगाते हुए निलंबित करने की मांग की। साथ ही युवक का आत्महत्या के उकसाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों काफी समझाइस और निष्पक्ष कार्रवाई किए जाने के आश्वासन के बाद परिजनों और ग्रामीणों गुस्सा शांत हुए। जिसके बाद सड़क से जाम हटाया गया। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र के खरहटा गांव निवासी शानि पिता गोरे लाल बर्मन का शव 21-22 अक्टूबर की रात विलायत रेलवे लाइन पर



संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिजनों ने शुरुआत से ही इसे आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया था। परिजनों का कहना था या तो युवक की हत्या की गई है या फिर युवक को आत्महत्या के लिए उकसाया गया। दोनों ही परिस्थितियों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही थी। कार्रवाई नहीं होने से मृतक आक्रोशित परिजनों और खरहटा गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को एकत्रित होकर कटनी-शहडोल हाइवे में चक्का जाम कर दिया। जिसके कारण हाइवे से आवागमन पूरी तरह तरह बाधित हो गया। मृतक शानि बर्मन के पिता गोरेलाल बर्मन ने आरोप लगाया है कि घटना वाले दिन उनके बेटे के साथ गांव के कुछ व्यक्तियों ने मारपीट की थी। उनका मानना है कि इसी से नाराज होकर शानि ने यह कदम उठाया। इन पर लगा मारपीट का आरोप गोरेलाल बर्मन ने रामदीन बर्मन, भगवान दास बर्मन, धन्नू शाहू, अर्जुन बर्मन, शम्भू बर्मन और सुदामा बर्मन सहित गांव के सात व्यक्तियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। चक्का जाम प्रदर्शन के दौरान उन्होंने मांग है कि शानि बर्मन की मौत के मामले की निष्पक्ष और तत्काल जांच की जाए। आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी व्यक्तियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल पर मामले की जांच में लापरवाही का आरोप लगाते हुए ससपेंड करने की मांग की गई है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि वे घटना के बाद से लगातार बड़वारा थाने में जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन थाना प्रभारी केके पटेल ने अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की है। थाना प्रभारी द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करने पर ग्रामीणों को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा है। चक्का जाम की सूचना पर पहुंचे अधिकारियों की समझाइस और निष्पक्ष कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ। जिसके बाद आवागमन बहाल हुआ।



# यूपी और हरियाणा के चोर गिरोह पर संदेह

▶ 11 लाख 35 हजार रूपए से भरी एटीएम चोरी का मामला

**नवभारत, कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत माधवनगर गेट के सामने जीवन ज्योति हॉस्पिटल के पास स्थिति बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 11 लाख 35 हजार रूपए से भरे एटीएम चोरी होने के मामले में तीन दिन बीत जाने के बाद पुलिस के पास ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं है जिसके आधार पर चोरों को पकड़ा जा सके। सीसीटीवी फुटेज को देखने के आधार पर लाखों रूपए से भरे एटीएम मशीन चोरी की वारदात को महज 15 मिनट के अंदर अंजाम दिया गया है। पुलिस को चकमा देकर चोर शहर से फरार हो गए। चोरी की इस वारदात ने पुलिस की प्रभावी रात्रिगश्त व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी है। पुलिस कार्रवाई सांप निकलने के बाद लकीर पीटने जैसी नजर आ रही है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जांच की जा रही है। चोरों को पकड़ने के लिए अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीम लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि एटीएम मशीन चोरी करने वाली यह गैंग उत्तर प्रदेश या हरियाणा की हो सकती है। पुलिस चोरों की पहचान करने का प्रयास लगातार कर रही है। पुलिस ने बताया कि चोरों ने पांच दिसंबर की रात कुठला थाना क्षेत्र के पन्ना नाका स्थित रांधेलिया पेट्रोल पंप से घंटाघर निवासी नितिन रोहरा का एक लोडर वाहन चोरी किया था। इसी लोडर वाहन का उपयोग माधवनगर थाना क्षेत्र के जीवन ज्योति अस्पताल के पास स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम मशीन को चोरी कर ले जाने के लिए किया गया है।

वारदात के बाद से पुलिस टीम पूरे शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अब तक ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर चोरों को पकड़ा जा सके। टोल नाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों की आवाजाही के साक्ष्य सामने नहीं आए हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। माधवनगर थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुई एटीएम मशीन चोरी की वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की रात्रि गश्त और निगरानी में लापरवाही के कारण ही बैखोफ बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने में सफलता हासिल की है। लगभग 11 लाख 35 हजार रूपए से भरी एटीएम मशीन चोरी की वारदात के मामले में पुलिस का कहना है कि चोरों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। चोरों के संबंध में कुछ अहम सुराग मिले हैं जिसके आधार पर मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही एटीएम मशीन को चोरी करने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही रात्रिगश्त व्यवस्था में लापरवाही करने वालों की जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम लगातार इस मामले में आरोपियों तक पहुंचने के लिए सुराग जुटाने में लगी हुई है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के अलावा और सायबर सेल की मदद भी ली जा रही है। जल्द ही पुलिस टीमों को जिले से बाहर भी भेजा जाएगा। पुलिस को संदेह है कि एटीएम मशीन चोरी की इस वारदात में उत्तरप्रदेश और हरियाणा की गैंग हो सकता है। लिहाजा जल्द ही पुलिस टीमों को दोनों राज्य में भेजा जाएगा। पुलिस टीम टोल नाकों के सीसीटीवी फुटेज देख रही है। बतादें कि 5-6 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाशों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एटीएम मशीन को चोरी कर लिया था। एटीएम मशीन में लगभग 11 लाख रूपए रखे हुए थे। जिसके बाद से पुलिस विभाग में हड़कंप मच हुआ है।

## एक नजर में

### सिंगल पोर्टल में मिलेगी नगरीय निकाय की सेवाएं

**नवभारत,कटनी।** नगरीय विकास आवास विभाग ने नगरीय निकायों को कंप्यूटरीकृत करने के लिए केंद्रीयकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना की दो मोबाईल एप्प एमपी ई-नगरपालिका और एमपी यूएलबी एड्मिन, मेनेजर एनड्राइड और आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई है। यह योजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने, पारदर्शी और तत्काल नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गई है। यह योजना ई-गवर्नेंस का एक अनूठा उदाहरण है। ई-नगरपालिका 2.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा दी जा रही है। ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग और सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिए ई-नगर पालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत 16 मॉड्यूल और 24 नागरिक सेवाएं शामिल हैं। भौतिक अवसंरचना को क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ई-नगर पालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई- नगर पालिका 2.0 का एकीकरण किया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित है। विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट भी प्रारंभ की गई है। वेबसाइट पर विभाग द्वारा नगरीय निकायों से संबंधित आवश्यक जानकारी स्टेटिक और डायनामिक रूप में उपलब्ध करायी गई है। इसके अतिरिक्त डिजिटल इंडिया मुहिम के तहत ऑनलाइन नागरिक सेवा प्रदाय किए जाने के लिए एमपी ई-नगर पालिका मोबाइल ऐप विकसित की गई है। एप को डाउनलोड कर घर बैठे अपने संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार, भवन भूमि किराया, व्यापार अनुज्ञप्ति सहित अन्य कार्यों को भी इस एप से किया जा सकता है।

# सफाई के साथ धार्मिक आस्था के सम्मान में नगर निगम की अनूठी पहल

▶ पूजन सामग्री संग्रहण वाहन बना स्वच्छ पर्यावरण का आधार

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा संचालित पूजन सामग्री संग्रहण वाहन इन दिनों स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शहर के प्रमुख मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पूजन अवशेष एकत्रित होते हैं, जिन्हें पूर्व में या तो नदी, तालाबों या जल स्त्रोतों में बहा दिया जाता था या खुले स्थान पर फेंक दिया जाता था। इससे न सिर्फ जल स्त्रोत प्रदूषित होते थे, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती थी। महापौर




श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा प्रारंभ की गई इस पहल से अब पूजन सामग्री को एकत्रित कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की दिशा में एक ठोस तंत्र विकसित किया गया है। वाहन संचालक कन्हैया गुप्ता ने बताया कि यह वाहन निर्धारित मार्गों पर भ्रमण कर प्रतिदिन नगर के विभिन्न मंदिरों और देवालयों से निकलने वाली पूजन सामग्री के अवशेष एकत्रित करता है, जिसे बाद में सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से निस्तारित किया जाता है। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था न केवल शहर को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि नागरिकों में धार्मिक सामग्री के सही निस्तारण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है। पूजन सामग्री को जल स्रोतों में नहीं बहाने की अपील के साथ प्रशासन शहर वासियों को इस सेवा का अधिकाधिक उपयोग करने प्रेरित कर रहा है। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने बताया कि यह अभियान स्वच्छ शहर-स्वस्थ शहर की परिकल्पना को चरितार्थ करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। पूजन सामग्री संग्रहण वाहन के माध्यम से धार्मिक आस्था को सम्मान देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनुकरणीय व्यवस्था विकसित की गई है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ शहर की स्वच्छता और नागरिकों दोनों को मिल रहा है। नगर निगम प्रशासन ने आमजन से सहयोग करने के लिए कहा है। पूजन सामग्री को संग्रहण वाहन को ही उपलब्ध कराने, शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने में सहयोग करने के लिए कहा है।

# अस्पताल के गेट पर लगी ग्रिल में फंसा बुजुर्ग का पैर



▶ पैर निकालने के लिए गैस कटर से काटी गई ग्रिल

**नवभारत, कटनी।** जिला अस्पताल के मुख्य प्रवेश पर लगी लोहे की ग्रिल में सोमवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति का पैर फंस गया। काफी मश्क्कत और ग्रिल को गैस कटर से काटने के बाद उनका पैर वहां निकला। इस हादसे में बुजुर्ग के पैर में हल्की चोट आई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी राम खिलावन अपनी दवा लेने जिला अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल से बाहर निकलते के दौरान मुख्य प्रवेश द्वार पर लगाई गई लोहे की ग्रिल को पार करते समय उनका पैर फिसलकर ग्रिल में फंस गया।

उन्होने कई बार अपना पैर निकालने की कोशिश की, लेकिन पैर नहीं निकाल पाए। इस दौरान वहां मौजूद स्थानीय दुकानदार और राहगीरों ने ग्रिल में फंसे पैर को निकालने का प्रयास किया। काफी मश्क्कत के बाद और ग्रिल को गैस कटर से काटने के बाद उनका पैर लोहे की ग्रिल से निकल पाया। हादसे में राम खिलावन के पैर में चोट आई है।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर में 151 मरीजों की जांच, 85 के हुये आपॅरेशन

▶ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया नि :शुल्क शिविर का आयोजन

**नवभारत, कटनी।** डॉ. गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 7 दिसंबर रविवार को नि:शुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ शैफाली गुप्ता द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच परीक्षण शिविर क आयोजन कि गया है। नि:शुल्क नेत्र शिविर में आंखों की समस्या से ग्रसित मरीजों की जांच की गई और इलाज किया गया है। नि:शुल्क शिविर में लगभग 151 मरीजों की आंखों की जांच की



गई। इन्हीं मरीजों में से 85 मरीजों का चयन कर मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीजों को नि:शुल्क चश्मे, दवाइयां और आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही आंखों की देखभाल और सुरक्षा के संबंध में जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। यह सेवा कार्यक्रम समाज हित में ट्रस्ट की लगातार चल रही मानव सेवा की जा रही है।

# धैर्य, दयालुता, साहस, उदारता और त्याग के प्रतिमूर्ति थे भगवान श्रीराम

▶ कॉलेज में आयोजित किया गया श्रीरामचंद पथ गमन कार्यक्रम

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान शासकीय कॉलेज प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे की अध्यक्षता में श्रीरामचंद्र पथ गमन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे ने बताया गया कि भगवान श्रीरामचंद्र धैर्य, दयालुता, सत्यवादिता, साहस, त्याग, उदारता के प्रतिमूर्ति थे। साथ उन्होंने यह भी बताया कि भगवान श्रीरामचंद्र को मर्यादा पुरूषोत्तम क्यों कहा जाता था। डॉ दीपिका जैन ने भगवान राम पथ




गबन कार्यक्रम की रूपरेखा को समझाते हुए बताया कि मध्यप्रदेश के नौ जिले में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ जयप्रकाश अवस्थी द्वारा रामायण के महत्व के सबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिकारी डॉ. अभिलाषा चौरसिया ने कहा कि रामायण को पढ़ने के साथ ही उनके आदर्शों पर भी चलना चाहिए। कविता पाठन के माध्यम से वर्तमान में रामायण की प्रासांगिकता पर जोर दिया गया। कॉलेज के छात्रों को रामायण का अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके बाद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता प्रश्नमंच प्रतियोगिता, कविता और भजन गायन प्रतियोगिता और रामायण की सर्वश्रेष्ठ चौपाईयों का पठन-पाठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के सभी प्राध्यापक सहित काफी संख्या में छात्रों की उपस्थिति रही।

# विधायक के प्रयासों से बदला खराब बिजली ट्रांसफार्मर

▶ लोगों ने विधायक के प्रति जताया आभार

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के सिलौड़ी के समीपवर्ती ग्राम नेगाई में राजभर मोहल्ले का घरेलू ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी मिलने के बाद विधायक के प्रयासों से उसे बदल दिया गया है। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी मिलन पर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी और कार्यालय मंत्री विनोद राय ने इसकी सूचना बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर



सिंह को दी। जिसके बाद विधायक के निर्देश पर बिजली विभाग ने घरेलू ट्रांसफार्मर 12 घंटे में उपलब्ध कराया और नेगाई के राजभर मोहल्ले में नया ट्रांसफार्मर लगाया है। सिलौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, कार्यालय मंत्री विनोद राय, पूर्व सरपंच गणेश साहू, राम चरण राजभर का प्रयास रहा है।

सभी कार्यकर्ता और ग्राम वासियों ने विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के प्रति आभार जताया है।

**बैठक** ▶ समर्थन मूल्य धान खरीदी केन्द्रों पर लगातार नजर रखें अधिकारी, कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए फर्जी किसानों का पंजीयन करने पर दर्ज कराएं एफआईआर

**नवभारत, कटनी।** अधिकारी उपार्जन केन्द्रों पर लगातार नजर रखें। जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर कार्रवाई करें। साथ ही धान उपार्जन के दौरान पाए गए फर्जी पंजीयन पर संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने ये निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे। कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल को निर्देशित किया कि वे ई-एचआरएमस पोर्टल पर सभी पटवारियों को ऑनबोर्ड



कराएं। उन्होंने श्रम विभाग को संबल से जुड़ी सभी शिकायतों को संबंधित एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ से समन्वय कर निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के द्वारा एक ही प्रकार की शिकायतों पर एक ही तरह से जवाब देने के लिए एसओपी जारी करने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। कलेक्टर ने सीएचएमओ डॉ राज सिंह ठाकुर को निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत ऑनबोर्ड कराकर इसका प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सार्थक ऐप पर लगाई गई सभी अनुबंधित डॉक्टरों की अटेंडेंस का स्टेटस दिखाने सीएमएचओ को निर्देशित किया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मत्स्य विभाग को अग्रणी बैंक प्रबंधक से समन्वय कर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों में अद्यतन स्टेटस नहीं डालने के कारण जिला खेल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता बिना अद्यतन जानकारी के बैठक में उपस्थित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आगे से पूरी जानकारी के साथ आने की हिदायत दी। बैठक में कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी और लंबित पेंशन प्रकरणों की भी समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग, विज्ञान प्रौद्योगिकी, जल संसाधन विभाग, खनिज, पीएचई, नगरीय विकास, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, कुटीर ग्रामोद्योग, श्रम, सहकारिता, वाणिज्यिक कर विभाग की समीक्षा की। उन्होंने सी, डी ग्रेड में मौजूद सभी विभागों को शिकायतों का जल्द निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को राजस्व विभाग की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करने के लिए कहा है।


## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रं./ 158 / ज.प्र.वि./ 2025-26 — **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक :- 18/11/2025

निम्नांकित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत फर्मो से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा https://mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ 465837_1 | Providing & Laying of 90mm dia HDPE Pipeline in Ward No. 44 | 30 दिवस रु. 2,53,255/- | रु. 2,000/- रु. 2,533/- | 10/12/2025 |

नोट :- निविदा सम्बन्धी समस्त संशोधन सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जायेंगे, समाचार पत्रों में नहीं।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते आयुक्त**
**नगरपालिक निगम, कटनी**



## धर्मलोक हॉस्पिटल

A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

**डॉ. राजेश बत्रा** — एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस. — जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

**डॉ. हर्षा बत्रा** — एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा — स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024